प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 30.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– राज्य में प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिये प्रयास जारी : पर्यावरण संरक्षण के लिये आमजन की सहभागिता भी जरूरी।
2. केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने महाकुंभ से जुड़े सड़क निर्माण के शेष कामों को 25 दिसम्बर तक पूरा करने के दिये निर्देश : एक लाख 39 हजार करोड़ रुपये के प्रस्तावों पर भी चर्चा।
3. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे कानपुर।

और

4. लखनऊ में आयोजित सैयद मोदी अतंर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में पीवी सिंधु महिला एकल फाइनल में पहुंची : कल उनका मुकाबला चीन की व्यू लियू यू से होगा।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य में कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण कम करने के लिये प्रदेश सरकार कई ठोस कदम उठा रही है। श्री योगी ने आज लखनऊ में एक समाचार पत्र समूह की तरफ से आयोजित 'ग्रीन भारत समिट' को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदूषण करने और पर्यावरण संरक्षण के लिये सरकार द्वारा

किये जा रहे उपाय काफी नहीं है, बल्कि समाज, संस्थान और आम लोगों की सहभागिता भी इस अभियान में जरूरी है। बाइट.....

*जैसे पहले पेट्रोल पम्प स्थापित होते थे। ऐसे ही चार्जिंग स्टेशन स्थापित हो रहे हैं। एक बस पर प्रदेश सरकार बीस लाख रूपये तक की इंसेंटिव भी प्रदान कर रही है जिससे प्रधानमंत्री जी का जो विजन है कि दो हज़ार सत्तर तक नेट जीरो के लक्ष्य को हम प्राप्त कर सके। कार्बन उत्सर्जन को जीरो स्थिति में पहुंचा करके इस धरती माता को हम लोग जीव सृष्टि के रहने लायक बना सकें। इसको गैस चौंबर बनने से रोक सके। लेकिन यह कार्य केवल सरकार के भरोसे नहीं होगा। समाज को जोड़ना पड़ेगा, संस्थानों को जोड़ना पड़ेगा। समाज के जागरूक लोगों को भी इसके प्रति आम जन की सहभागिता के साथ इसको आगे बढ़ाना पड़ेगा।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने रिन्यूबल, ग्रीन एनर्जी और कांप्रेस्ड बायोगैस की अलग–अलग पालिसी तैयार की है। इसी क्रम में प्रदेश में कांप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र लगाये गये हैं और प्लांट लगाने का यह सिलसिला जारी है।

इसके अलावा पिछले सात सालों के दौरान राज्य में 16 लाख एलईडी स्ट्रीट लाईट लगाई गई है। राज्य में 23 हजार हेक्टेयर लैंड बैंक तैयार किये गये हैं, जिसका उपयोग रिन्यूबल एनर्जी के लिये किया जा सकता है। पीएम सूर्य घर योजना का जिक्र करते हुए श्री योगी ने कहा कि इस योजना के तहत लोग सोलर पैनल लगाकर अपनी जरूरत के अनुसार बिजली का उत्पादन कर सकते हैं।

समिट में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने

कहा कि ग्रीन भारत के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। इस दिशा में किये जा रहे उपायों से न सिर्फ किसान समृद्ध होगा, बल्कि उत्तर प्रदेश के लोगों को पेट्रोल का विकल्प भी मिलेगा। बाइट.....

*पेट्रोल को यूपी में रिप्लेस करना बाइ इथेनॉल। इससे किसान समृद्ध संपन्न होगा और आपके लखनऊ जैसे शहरों का प्रदूषण कम होगा तो ये जो ग्रीन भारत में चालीस पर्सेंट प्रॉब्लम जो है वो इसी का है। हमें इंपोर्ट सबस्टीट्यूट कॉस्ट इफेक्टिव, पॉल्यूशन फ्री और इंडिजिनस सॉल्यूशन में जाना चाहिए और ग्रीन भारत के और बहुत इनिशिएटिव है। इसमें ये जो इथेनॉल, सीएनजी एलएनजी और उसके साथ विशेष रूप से विटामिन भी बना सकते है हम लोग।*

इससे पहले श्री गडकरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान श्री गडकरी ने महाकुंभ से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्गो के बाईपास, इनर रिंग रोड और पुल निर्माण के सभी बाकी कामों को आगामी 25 दिसम्बर तक पूरे किये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में एक लाख 39 हजार करोड़ रुपये के नये सड़क प्रस्तावों पर विमर्श कर जल्द डीपीआर तैयार करने को भी कहा है।

—————————

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण– गीडा के 35वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर 209 करोड़ की उनयासी

विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 1 हजार 86 करोड़ निवेश की 85 औद्योगिक इकाइयों को भूखंडों का आवंटन पत्र वितरित किया। साथ ही 'निवेश मित्र पोर्टल' पर गीडा की 20 सेवाओं के एकीकरण और ट्रेड शो और प्रदर्शनी का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि पिछले 6 वर्षों में प्रदेश सरकार ने लगभग 4 हजार 500 करोड़ रूपए से अधिक के निवेश के प्रस्ताव को धरातल पर उतारा है, जिससे पूर्वांचल के हजारों नौजवानों को नौकरी और रोजगार के अवसर मिले हैं।

————————

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक दिवसीय दौरे पर कल कानपुर आ रहे हैं। इस दौरान उपराष्ट्रपति, सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल के स्वर्ण जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। इसके अलावा वह आईआईटी कानपुर का भी दौरा करेंगे और वहां छात्र–छात्राओं, शिक्षकों को संबोधित करेंगे। उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था और आवागमन के मद्देनजर प्रभावी बंदोबस्त किये गये हैं। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अर्चना सिंह ने बताया कि उपराष्ट्रपति के आगमन की वजह से दोपहर 12 बजे से शाम सात बजे तक वाहनों के आवागमन में बदलाव रहेगा। शहर में प्रवेश

करने वाले वाहनों को जारी किये गये नो–एंट्री पास निरस्त रहेंगे।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————

लखनऊ में आयोजित सैयद मोदी अतंर्राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप में आज महिला एकल फाइनल में स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु पहुंच गई है। कल होने वाले महिला एकल फाइनल में उनका मुकाबला चीन की व्यू लियू यू से होगा। वहीं सेमीफाइनल मुकाबलों को जीत कर मिश्रित युगल ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो ने फाइनल में जगह बना ली है। कल होने वाले फाइनल में ध्रुव और तनीषा का मुकाबला थाईलैंड की सुपिस सारा और देचापोल की जोड़ी से होगा। इस बीच महिला डबल्स के फाइनल में भारत की तृषा जोली और गायत्री गोपीचंद पहुंच चुकी हैं। इनका मुकाबला चीन की बाओ ली जिंग और ली कियान से होगा।

इन चीनी खिलाड़ियों से सेमीफाइनल में भारत की तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी हार गई है। आज का आखिरी पुरूष एकल सेमीफाइनल लक्ष्य सेन और जापान के शो गो उगावा के बीच खेला जा रहा है। इस पुरूष एकल मुकाबले में जो भी फाइनल में पहुंचेगा वह जापान के जिया हैंग जेसन से भिड़ेगा। जिन्होंने आज सेमीफाइनल में भारत के प्रियांशु राजावत को हरा दिया है।

---

मिर्जापुर जिले में गोपीगंज–रामपुर जोपा मार्ग पर जल्द ही दो लेन के पुल का निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। निर्माण कार्य के लिये आवंटित धनराशि की पहली किस्त जारी कर दी गई है। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट.....

*मिर्ज़ापुर मे गंगा नदी पर जल्द ही 3 सौ उनतालीस करोड़ की लागत से पुल का निर्माण शुरू होगा। पुल के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश सेतु निर्माण निगम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पुल के बन जाने से सोनभद्र और मध्य प्रदेश के रीवां जनपद से वाया मिर्ज़ापुर, भदोही  लखनऊ, कानपुर और दिल्ली के लिये आवागमन आसान होगा। 1440 मीटर लंबा और साढ़े 10 मीटर चौड़ा पुल बनाया जायेगा। इसके लिये एक सौ उन्नीस करोड़ रुपये जारी कर दिये गये हैं। एस0एम0 सबा, आकाशवाणी समाचार, मिर्जापुर।*

---

प्रदेश में अलग–अलग सड़क हादसों में 8 लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गये। श्रावस्ती जिले के इकौना इलाके में मोहनीपुर जमुनहा क पास आज टेम्पो और कार में हुई आमन–सामने की टक्कर में दोनों गाड़ियां

गहरी खाई में जा गिरी। इससे पांच लोगों की मौत हो गई और छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हमारे प्रतिनिधि ने पुलिस सूत्रों के हवाले से बताया है कि गंभीर रूप से घायल लोगों को लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। उधर, मथुरा जनपद के बलदव–सादाबाद रोड पर तीन बाइक सवारों को एक डम्पर ने रौंद दिया, जिससे इन सभी की मौत हो गई।

———————

संभल हिंसा के पीड़िता से मिलने के लिए जा रहे समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को आज पुलिस ने हिरासत में लेकर नजरबंद कर दिया। शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन आगामी 10 दिसंबर तक बाहरी व्यक्ति को संभल में बिना अनुमति प्रवेश नहीं देगा।

———————

यमुना एक्सप्रेस–वे पर आगामी 15 दिसम्बर से 15 फरवरी तक कोहरे और ठंड की आशंका को देखते हुए हल्के और भारी वाहनों की रफ्तार कम की जायेगी। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण वीर सिंह ने बताया है कि इस अवधि के दौरान वाहनों के लिये नई गति सीमा तय कर दी गई है। हल्के वाहन अधिकतम 80 किलोमीटर प्रतिघंटा और भारी वाहन अधिकतम 60 किलामीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेंगे।

(समाप्त)